an>

Title: Need to improve BSNL mobile connectivity in Sura, Gauri fanta and Chandan Chowki region of Kheri Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री अजय मिश्रा टेनी **(खीरी) :** मेरे लोक सभा क्षेत्र खीरी (उत्तर प्रदेश) में दुधवा नेशनल पार्क व नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र सूड़ा, गौरीफण्टा व चन्दन चौकी में थारू जनजाति के लोग रहते हैं जो शिक्षा, रहन-सहन व सामाजिक स्थितियों के साथ-साथ जिला, तहसील व ब्लॉक से सीधे न जुड़े होने के कारण समाज की मुख्यधारा से अलग हो गए हैं। उनको देश के विकास की मुख्य धारा में लाने व शैक्षिक तथा सामाजिक क्षेत्रों में आगे बढ़ाने एवं उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए भारत सरकार द्वारा बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही हैं, साथ ही उन्हें आरक्षण तथा अनुदान भी दिए जा रहे हैं।

वर्तमान समय में मोबाइल फोन हर व्यक्ति की आवश्यकता बन चुका है। यह नवीनतम सूचनाओं को प्राप्त करने व संपर्क का प्रमुख साधन है। मात्र इसलिए कि उक्त क्षेत्र नेपाल के पास हैं, नए टॉवर लगाए नहीं जा रहे, जो पूर्व से हैं, उनकी कनेक्टिविटी नहीं है जबकि इस क्षेत्र में नेपाली टॉवर की कनेक्टिविटी है तथा लोग नेपाली सिम का उपयोग करने को मजबूर हैं जिससे जिम्मेदारी से बचने के आरोप के साथ-साथ भारत सरकार को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है तथा लोगों में आक्रोश है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि उक्त थारू जनजातीय क्षेत्र में नए टॉवर लगाकर तथा लगे टॉवरों को कनेक्टिविटी देकर उक्त लोगों को मोबाइल फोन की सुविधाओं का लाभ उठाने का अवसर दिया जाए।